कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज

उत्तर प्रदेश जल निगम

(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)

प्रधान कार्यालय :- टी.सी.-38-वी. विभूति खण्ड, गोमती नगर लखनऊ-226010

फोन: +91 522 2728985 फैक्स: +91 522 2728988

Visit us at: www.cdsupjn.org

e-mail: director@cdsupjn.org

पत्रांक: 2378 / जी-2 / 131 दिनांक: 25/7/17

कार्यालय-ज्ञाप

शासन द्वारा सी.एण्ड डी.एस., उ. प्र. जल निगम को उ. प्र. राजकीय निर्माण निगम एवं लोक निर्माण के समकक्ष 'ए' श्रेणी की निर्माण संस्था के रूप में मान्यता प्रदान की गयी है, अतः विभाग को तदनुसार गुणवत्ता एवं सुरक्षा के मानकों पर Zero Tolerance की प्रवृत्ति अपनाते हुए अपनी श्रेष्ठता प्रमाणित करनी है। एक व्यवस्थित एवं उत्कृष्ट निर्माण एजेन्सी की पहचान उसके द्वारा कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता व मितव्ययता से होती है। सी0एण्ड डी0एस0 मुख्यालय द्वारा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने हेतु समय-समय पर विभिन्न दिशा-निर्देश प्रसारित किये जाते रहे हैं, परन्तु प्रायः देखा जा रहा है कि फील्ड अधिकारियों द्वारा निर्देशों/मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया जाता है।

निर्माण कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु यह आवश्यक है कि स्थानिक अभियन्ता से उच्चतर स्तर के अधिकारियों द्वारा कार्यो का सघन निरीक्षण एवं अनुश्रवण किया जाय तथा दृष्टिगोचर हो रही कमियों का तत्काल् निराकरण कराया जाये ताकि कमियों का भवन की सुरक्षा एवं उपयोगिता पर विपरीत प्रभाव न पड़े। निर्माण कार्यो के गहन पर्यवेक्षण से निर्माण में आ रही समस्याओं का भी कार्यस्थल पर ही निदान हो जाने के कारण कार्य की प्रगति पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है। अध्यक्ष महोदय, उ0प्र0 जल निगम द्वारा भी निर्माण कार्यो की गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिये गये हैं।

अतः एतद्द्वारा निर्देश दिये जाते हैं कि मुख्य महाप्रबन्धकों/महाप्रबन्धको/परियोजना प्रबन्धकों द्वारा निर्माणाधीन कार्यो का सघन पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाये।

(राजेश मित्तल)
निदेशक

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. समस्त मुख्य महाप्रबन्धक, सी0 एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, ।
2. समस्त महाप्रबन्धक, सी0 एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम।
3. समस्त परियोजना प्रबन्धक, सी0 एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम।

निदेशक

Chief General Manager
C. & D.S., U.P. Jal Nigam
Lucknow